तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 20. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 27 मार्च 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4 पीआईसी की बैठक में 30 बिन्दुओं पर की गई चर्चा




## खबर संक्षेप

### नौकरी की मांग को लेकर भू विस्थापितों का आंदोलन जारी

**जांजगीर-चांपा।** नौकरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर भू विस्थापितों का 4 महीने से जारी है। नौकरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर मड़वा पॉवर प्लांट अंतर्गत आने वाले भू विस्थापित सोमवार 14 अक्टूबर से आंदोलन कर रहे है। अटल बिहारी बाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र के लिए भूमि अधिग्रहण में बहुत ही कम दाम पर 3 लाख 64 हजार रुपए में ली गई थी। भू-विस्थापितों को 2007 पुर्नवास नीति के तहत नौकरी एवं उनके सह खातेदारों को जब तक नौकरी नहीं दी जाती है, तब तक निर्वहन भत्ता दिए जाने का निर्णय लिया गया था, परन्तु अभी भी भू-विस्थापितों को नौकरी नहीं दी गई और नहीं निर्वहन भत्ता दिया जा रहा है। इन्ही मुद्दों को लेकर मड़वा ताप विद्युत कामगार एवं भू-विस्थापित श्रमिक संघ एटक के द्वारा भू-विस्थापितों को नौकरी दो, की मांग को लेकर चरणबद्ध अनिश्चित कालीन हड़ताल 14 अक्टूबर से चल रहा है। सोमवार बुधवार 26 मार्च को उनका आंदोलन जारी रहा।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए 4 तक दावा आपत्ति

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र खम्हिया में आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बम्हनीडीह ने बताया कि आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त किये गये अंको के आधार पर प्रथम (प्रावधिक) योग्यता सूची जारी किया गया है। उक्त सूची परियोजना कार्यालय एवं जनपद पंचायत बम्हनीडीह में प्रकाशित कर दिया गया है। हितग्राही आवेदिक, पक्षकारों से इस संबंध में सप्रमाण दावा आपत्ति 4 अप्रैल तक कार्यालयीन समय में आमंत्रित है।

### शनिवार व रविवार को भी होगी जमीन रजिस्ट्री

**जांजगीर-चांपा।** जमीन खरीदी बिक्री रजिस्ट्री पंजीयन जिला कार्यालय एवं उप पंजीयन कार्यालय मार्च महीने के अवकाश के दिनों में भी खुली रहेगी। कार्यालय महा निरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 29 मार्च शनिवार रविवार 30 मार्च एवं सोमवार 31 मार्च ईद उल फितर के दिन भी पंजीयन एवं उप पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे।

### केंद्र की भाजपा सरकार का पुतला दहन कांग्रेस करेगी आज

**जांजगीर-चांपा।** भाजपा की केंद्र सरकार के आनुषांगिक संगठन के रूप में सीबीआई विपक्ष के नेताओं और कार्यकर्ताओं के ऊपर तानाशाही और द्वेषपूर्ण कार्यवाही करने के खिलाफ 27 मार्च मंगलवार को सायं 5 बजे, कचहरी चौक जांजगीर में जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा के तत्वावधान में भाजपा सरकार का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित की गई है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस जनों से पहुंचने की अपील की गई है।

### अफरीद हत्याकांड में फरार चल रहे अपचारी बालक गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम अफरीद में हुए हत्या के मामले में फरार एक अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से एक धारदार चाकू को जब्त किया गया है। 17 मार्च को अफरीद निवासी आंगन कुमार उम्र 42 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से मारकर गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दिया गया था। थाना सारागांव में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 31/2025 धारा 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामले में फरार एक और अपचारी बालक को बुधवार 26 मार्च को गिरफ्तार किया गया।

### वन भूमि पर बेजाकब्जा, खरीफ के बाद हो रही रबी की खेती

# खेत खलिहान में तब्दील हो गए बड़े झाड़ के जंगल

शशांक दुबे ⏭ जैजैपुर

नवगठित जिला सक्ती अंतर्गत जैजैपुर क्षेत्र में इन दिनों वन भूमि में बेजाकब्जा करने की होड़ मची है। स्थिति यह है कि जैजेपुर से लगे आधा दर्जन गांवों में बड़े झाड़ के जंगल खेत खलिहान में तब्दील हो गए है। वहीं जिम्मेदार प्रशासन के साथ वन विभाग का अमला कुंभकर्णीय निद्रा में है।

क्षेत्र में सरकारी जमीन पर कब्जा करने की शिकवा शिकायत तो आए दिन होती रहती है। इस तरह की लगातार शिकायतों को लेकर राजस्व विभाग का अमला तो कार्रवाई करने में भी आनाकानी करने लगा है, लेकिन हद तो तब हो गई जब अतिक्रमणकारी राजस्व की जमीन के बाद वन भूमि को भी कब्जा करने में भी नहीं चूक रहे है। जैजैपुर तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में रिकार्ड में दर्ज बड़े झाड़ के जंगल अब रिकार्ड में ही सिमट कर रह गए है। वास्तविक तौर पर यहां जंगल के नामोनिशान तक नहीं है। जैजैपुर से लगे ग्राम शिकारीनार, भोथिया, केकराभाट, भोथीडीह में बड़े झाड़ के जंगल एक तरह से इतिहास बन गए है। यहां तेंदू, साजा, महुआ के घने जंगल थे, लेकिन हरियाली के दुश्मनों ने ना केवल साल दर साल हरे भरे पेड़ों की बलि चढ़ा दी, बल्कि पेड़ों को काटकर खेत बनाने का धंधा भी शुरू हो गया। बताया जाता है कि भोथिया, भोथीडीह, केकराभाट और खम्हारडीह में बड़े झाड.के जंगल को उजाड़ दिया गया है और यहां तकरीबन 4 सौ एकड़ से अधिक क्षेत्रफल पर बेजाकब्जा करके खेती की जा रही है। कुछ लोगों ने तो बेजाकब्जा करके बकायदा अपना एक बड़ा चक तैयार कर लिया है, जहां सारे नियम कायदों को दरकिनार कर ना केवल घेराबंदी की गई है, बल्कि ट्यूबवेल कराकर खरीफ और रबी फसल की खेती भी की जा रही है। बताया जाता है कि भोथिया गांव में ही तकरीबन 100 एकड़ के करीब शासकीय भूमि पर बेजाकब्जा करके खेत खलिहान बनाए गए है, तो वहीं भोथीडीह, खम्हारडीह और केकराभाट में बड़े झाड़ के जंगल को उजाड़कर खेत खलिहान बनाया गया है। यहीं स्थिति खजुरानी और शिकारीनार में भी है। इन जगहों पर भी सरकारी रिकार्ड में दर्ज बड़े झाड़ के जंगल अब रिकार्डों में ही सिमट कर रह गए है। रिकार्ड में दर्ज बड़े झाड़ के जंगल में हरे भरे पेड़ों को काटने के बाद बेजाकब्जाधारियों ने खेत बना लिया है, जहां बीते दिनों खरीफ की फसल तो लगाई ही गई थी। वर्तमान में कुछ जगहों पर ग्रीष्मकालीन धान की फसल भी लहलहा रही है। दूसरी ओर जिम्मेदार राजस्व विभाग के साथ वन विभाग के अमले को इससे कोई सरोकार नहीं है। बहरहाल कारण चाहे चाहे जो भी लेकिन जिम्मेदार प्रशासन के साथ वन और राजस्व विभाग की निष्क्रियता और अनदेखी के चलते हरे भरे बड़े झाड़ के जंगल ना केवल उजाड़ हो गए है, बल्कि वहां कब्जा करके खेती बाड़ी करने का काम भी हो रहा है।



वन भूमि से काटे गए पेड़ तथा इंसेट में पेड़ का ठूंठ।

#### की जाएगी कार्यवाही

वन परिक्षेत्र के जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर धान की फसल लगाने एवं पेड़ पौधों को काटे जाने के संबंध में पहले जानकारी ली जा रही है। तत्पश्चात आगे की कार्यवाही होगी।

-श्रीमती प्रियंका पांडे.
वन मंडल अधिकारी, जांजगीर चांपा

# 14 नग जिंदा कारतूस व पिस्टल के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

### जीआरपी एवं चांपा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

14 नग जिंदा कारतस एवं पिस्टल के साथ दो आरोपियों को जीआरपी एवं चांपा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। मामला चांपा थाने का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 25 जनवरी को जीआरपी पुलिस की टीम से सूचना मिली कि 3 जनवरी को रायपुर से उत्तर प्रदेश जाने वाली ट्रेन में किसी अज्ञात चोर के द्वारा रिटायर्ड आर्मी मैन का बेग जिसमें एक पिस्टल और जिंदा कारतूस को चोरी कर लिया गया है। प्रकरण के आरोपी थाना चांपा क्षेत्रांतर्गत का होने से आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तारी हेतु जीआरपी टीम रीवा मध्यप्रदेश थाना चांपा आया और आरोपियों की पतासाजी के लिए थाना चांपा एवं जीआरपी टीम रीवा संयुक्त रूप से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विवेक शुक्ला के निर्देशन में कार्यवाही की गई। इसी क्रम में थाना चांपा पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं चांपा एसडीओपी यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जेपी गुप्ता के नेतृत्व में तत्काल दबिश देकर आरोपी डंगेश्वर श्रीवास उर्फ लक्ष्मण श्रीवास निवासी संजय नगर चांपा से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान चोरी गए पिस्टल के संबंध में प्रारंभिक तौर पर गुमराह करता रहा बारीकी से पूछताछ करने पर बताया की जबलपुर मध्य प्रदेश के आयुष ठाकुर ने उसे पिस्टल और गोली लाकर दिया था। जिसे 20 हजार में खरीदा है और चाम्पा बरपाली चौक के यादव मोहल्ला मे रहने वाले बिंदेश्वर गोपाल उर्फ पप्पू यादव के पास बेच दिया है। बताने पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल बिंदेश्वर गोपाल उर्फ पप्पू यादव के निवास पर दबिश देकर पकड़ा। जिससे पिस्टल एवं कारतूस के संबंध में पूछताछ किया गया जिसे चोरी के पिस्टल एवं कारतूस को डंगेश्वर श्रिवास उर्फ लक्ष्मण से लेना स्वीकार किया बिंदेश्वर गोपाल उर्फ़ पप्पू यादव के निशानदेही पर उसके निवास से चोरी गए 1 नग पिस्टल (7.65mm) एवं 14 नग जिंदा कारतूस को बरामद किया गया सभी आरोपियों को जीआरपी पुलिस टीम रीवा मध्य प्रदेश के द्वारा प्रकरण में गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जे. पी. गुप्ता, उप निरीक्षक दिलीप सिंह, सहायक उप निरीक्षक मुकेश पांडे, सहायक उप निरीक्षक अरुण सिंह, महिला प्रधान आरक्षक श्यामा जायसवाल, आरक्षक डीके साहू, आरक्षक माखन साहू,आरक्षक भूपेंद्र सिंह का विशेष योगदान रहा।





पुलिस गिरफ्त में आरोपी तथा जब्त जिंदा कारतूस व पिस्टल।

# सुपरफास्ट ट्रेनों का मॉडल रेलवे स्टेशन में स्टापेज नहीं, यात्री होते हैं हलाकान




हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में आधा दर्जन से अधिक सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं है। ऐसे में रेल यात्रियों को गाड़ी पकड़ने के लिए बिलासपुर एवं चांपा शहर का चक्कर लगाना पड़ता है। इसे लेकर रेल संघर्ष समिति द्वारा फरियाद भी लगाई जा चुकी है, लेकिन इसके बाद भी समस्या बनी हुई है।

गौरतलब है कि जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन धीरे-धीरे मॉडल रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित होता जा रहा है, लेकिन अब तक आधा दर्जन से अधिक सुपरफास्ट ट्रेनों का यहां स्टॉपेज नहीं है। ऐसे में बड़ी गाड़ी पकड़ने के लिए रेल यात्रियों को चांपा एवं बिलासपुर शहर की दौड़ लगानी पड़ती है। जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन से रेल यात्री प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में बिलासपुर रायगढ़ कोरबा रायपुर भोपाल मुंबई दिल्ली चेन्नई नागपुर समेत अन्य शहरों की ओर व्यापारिक एवं अन्य कार्यों के लिए आवाजाही करते हैं। ऐसे में ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। हालांकि ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर रेल संघर्ष समिति के द्वारा कई बार रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। एक तरफ देखा जाए तो जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन के माध्यम से प्रशासन को करोड़ों रुपए का राजस्व हर साल प्राप्त होता है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। जिन सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में नहीं है, इनमें हावड़ा मुंबई मेल, हावड़ा पुणे, आजाद हिंद, दुर्ग राजेंद्र नगर साउथ बिहार, बिलासपुर पटना सुपर फास्ट, पुरी बीकानेर एवं पुरी वलसाड समेत अन्य कई बड़ी गाड़ियों का स्टॉपेज जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में नहीं है। इस समस्या को लेकर रेल संघर्ष समिति द्वारा प्रशासन की उच्च अफसरों को अवगत कराया गया है। जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन के माध्यम से बनारी सिवनी नैला, जांजगीर शहर, धाराशिव, सुकली, दर्राभांठा, नवागढ़ शिवरीनारायण समेत अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग रेल के माध्यम से आवाजाही करते हैं। इस तरह से देखा जाए तो सुपर फास्ट ट्रेनों का स्टापेज नहीं होने से रेल यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्हें चांपा रेलवे स्टेशन से उतरकर जांजगीर आने में बस एवं आटो का सहारा लेना पड़ता है।

**खास बात**

- चांपा एवं बिलासपुर शहर जाने की मजबूरी

## गला तर करने आए तरबूज...



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक में इन दिनों बलौदा बाजार जिले के कटगी, गिधौरी क्षेत्र से बड़े पैमाने पर तरबूज आ रहे है। बढ़ती गर्मी के चलते लोग गला तर करने के लिए तरबूज व ककड़ी का उपयोग बड़ी मात्रा में कर रहे हे। गर्मी के दिनों में इसकी विशेष डिमांड रहती है। फोटो : हरिभूमि

### महिला ने घर में लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भटली में एक महिला ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार 31 वर्षीय ललिता बाई ने मंगलवार 25 मार्च की बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका के पति नरधारी यादव ने बताया कि वह मंगलवार की रात करीबन 9 बजे घर से घूमने को निकला था। जिसके बाद रात 10 बजे घर पहुंचा तो देखा कि उसकी पत्नी ललिता बाई फांसी के फंदे से लटकी हुई थी। किस कारण से यह कदम उठाया है। इस की जानकारी नहीं है। हालांकि पुलिस टीम जांच पड़ताल में जुट गई है।

# चांपा-बिर्रा मुख्यमार्ग में बना गति अवरोधक बना जी का जंजाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

चांपा-बिर्रा मुख्य मार्ग में बना गति अवरोधक बना वाहन चालक सहित लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। इससे ना केवल वाहन चालक को चोटिल हो रहे है बल्कि कई लोग हादसे के शिकार हो चुक है।



जनपद पंचायत बम्नीडीह अंतर्गत आने वाले आदर्श ग्राम पंचायत तालदेवरी में चाम्पा बिर्रा मुख्य मार्ग में दुर्घटना को रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बड़े बड़े दो गतिअवरोधक बनाया गया है। इस मार्ग में सैकड़ों की संख्या में हाइवा, ट्रक, बस, दो पहिया वाहन दिन रात चलती रहती है। गतिअवरोधक की उंचाई अधिक होने के कारण दो पहिया वाहन चालक अनबैलेंस होने के कारण हर रोज गाड़ी से गिर कर किसी का हाथ टुट रहा है तो किसी का पैर तो किसी का सिर में गंभीर चोटें आ रहें हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है।

### उड़नदस्ता टीम द्वारा केन्द्रों में की जा रही निगरानी

# आठवीं बोर्ड अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 1363 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आठवीं बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने के लिए 18 हजार 547 अभ्यर्थियो ने आवेदन जमा किए थे। इनमें से 17 हजार 184 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। वही 1363 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

गौरतलब है कि छतीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड की परीक्षा के तहत बुधवार 26 मार्च को अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। इस बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए 18 हजार 547 अभ्यर्थियो ने स्कूलो के माध्यम से आवेदन जमा किए थे। इनमें से 17 हजार 184 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। वही 1363 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही अंग्रेजी हिन्दी विषय के लिए आयोजित परीक्षा में नकल का एक भी प्रकरण नही बना है। आंकडो पर गौर करे तो आठवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए अकलतरा ब्लाक से 3 हजार 226 अभ्यर्थियो ने स्कूलो के माध्यम से आवेदन जमा किए थे, जिसमें से 2 हजार 928 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वही 298 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इसी प्रकार बलौदा ब्लाक से बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए 2 हजार 781 अभ्यर्थियो ने आवेदन जमा किए थे, इनमें से 2 हजार 630 लोग परीक्षा मे शामिल हुए। वहीं 151 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। बम्हनीडीह ब्लाक में आठवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए 3 हजार 178 परीक्षार्थियो ने अपना आवेदन स्कूलो के माध्यम से जमा किए थे। इनमें से 3 हजार 19 लोग परीक्षा में शामिल हुए। वही 159 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। नवागढ ब्लाक के अंतर्गत बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए 5 हजार 313 अभ्यर्थियो ने स्कूलो के माध्यम से आवेदन जमा किए थे इनमें से 5 हजार 36 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए। वही 277 छात्र परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जांजगीर चाम्पा जिले के पामगढ ब्लाके के तहत आठवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए 4 हजार 49 अभ्यर्थियो ने आवेदन जमा किए थे, इनमें से 3 हजार 571 परीक्षार्थी शामिल हुए। वही 478 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा से अनुपस्थित रहे। कुल मिलाकर देखा जाए तो बुधवार 26 मार्च को आयोजित आठवीं बोर्ड अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। वही नकल प्रकरण के एक भी मामले सामने नही आए है। वहीं आठवीं बोर्ड की परीक्षा भी अंतिम चरण में है।



#### चल रही परीक्षा

बुधवार को आठवीं बोर्ड के तहत अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा मे नकल प्रकरण के मामले सामने नही आए है। नकल रोकने के लिए लगातार परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

-अश्वनी भारद्वाज,
डीईओ, जांजगीर चाम्पा

# अश्लील वीडियो वायरल करने की दी धमकी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अश्लील फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आत्महत्या करने के लिए प्रताड़ित करने वाले आरोपी नवागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती और युवक का प्रेम संबंध चल रहा था। आरोपी मनमोहन के द्वारा मृतिका का किसी अन्य के साथ अवैध संबंध की बात कहकर शादी से मना कर दिया। पूर्व में आरोपी के द्वारा युवती का रखा हुआ निजी फोटो और वीडियो जिसमें कुछ अश्लील फोटो वीडियो भी था, वायरल करने की धमकी देने लगा और युवतती के साथ-साथ उसके परिजन को भी मैसेज करते हुवे वीडियो व फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा था और शादी करने से मना कर रहा था जिस बात से प्रताड़ित होकर 13 फरवरी 2024 को उसने चूहा मारने की दवा का सेवन कर आत्महत्या कर ली। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में मर्ग जांच पर से धारा 108 बीएनएस कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। पुलिस ने काटघोड़ा कोरबा निवासी मनमोहन कश्यप उम्र 20 वर्ष को पकड़कर हिरासत में लिया। पूछताछ में अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## खबर संक्षेप



### आज की शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में गूंजे देशभक्ति के गीत

**कुसमुंडा।** श्री राम मानस, हनुमंत सेवा समिति के तत्वाधान में श्रीशिव शनि मंदिर आदर्श नगर कुसमुंडा में देश की आजादी एवं अग्रेजों के अत्याचार और अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले वीर शहीदों श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसी कड़ी में समिति ने शहीद नमन दिवस आज की शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया। सर्व प्रथम भारत माता की पूजन कलश प्रज्वलित किया गया और शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण करते करते हुए रंगोली से बनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत रामशरण साहू द्वारा वन्देमातरम गीत की प्रस्तुति से किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा शहीद भगत सिंह,राजगुरु और सुखदेव के जीवन पर आधारित बहुत ही मार्मिक और सुंदर लघु नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती पुष्पा देवांगन, श्रीमती पिंकी सिंह, जया त्रिवेदी, पार्षद श्रीमती बाल्की कुजूर ,श्रीमती आशा साहू, दिलीप दास एवं निक्कू कुकरेजा शामिल थे। इसके अलावा केके एस चंदेल, शशिभूषण, योगेश साहू, रामफल महतो, रामधनी, श्रवण कुमार साहू, समे यादव, शिवराज राठौर, हरप्रसाद देवांगन, श्रीमती पुष्पा देवांगन, श्रीमती पिंकी सिंह, अंजू मंजू पांडे, काजल, ऋतु रानी साहू, निशा साहू का योगदान रहा।

### बाल व्यक्तित्व विकास समर कैंप का आयोजन




**कोरबा।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वधान में 5 दिवसीय बाल व्यक्तितत्व विकास (समर कैंप) निः शुल्क का आयोजन किया जा रहा है। जो पांच दिवस तक सुबह 9 बजे 10 तक आयोजित किया गया है। जिसमें प्रथम दिन 20 बच्चों नें भाग लिया। पांच दिवसीय शिविर में बीके टीचर्स द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट, म्यूजिक, म्यूजिकल एरोबिक्स, पेंटिग, आंतरिक मूल्य कक्षाएँ (संस्कार व नैतिक शिक्षा), मैडिटेशन सिखाया जाएगा। ब्रम्हाकुमारी संस्था नें अधिक से अधिक बच्चों क़ो समर कैंप का लाभ लेने आग्रह किया गया है।

### रामायण से हमें सीख मिलती है विविधता में एकताः मनोज



**कोरबा।** करतला विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सन्डेल, फरस वानी एवं चिचोली मैं आयोजित अखंड नवधा रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें जनपद पंचायत करतला के उपाध्यक्ष मनोज झा सम्मिलित हुए जहां उनके द्वारा प्रभु श्रीराम सीता माता एवं लक्ष्मण के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया गया। जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा ने कहा कि रामायण की सबसे बड़ी सीख है कि विविधता में एकता, बुराई पर हमेश अच्छाई की जीत होती है। जिस तरह माता सीता पर रावण ने बुरी नजर डाली और अंत में भगवान श्रीराम ने रावण को पराजित कर माता सीता को वापस पा लिया। बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, लेकिन अपनी अच्छी नीयत और गुणों के कारण सच्चाई की ही जीत होती है। रामायण एक महान ग्रंथ है। जिसके हर पात्र से हमें शिक्षा मिलती है। रामायण में प्रभु श्रीराम ने यह बताया कि संसार में कोई छोटा या बड़ा नहीं होता कोई उच्च वर्ग का या कोई निम्न वर्ग का नहीं होता है। प्रभु श्रीराम वन में वनवासियों और आदिवासियों की तरह ही रहे।

### एक माह पूर्व यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू किया गया था

# रेलवे स्टेशन के प्रीपेड बूथ में यात्रियों को करना पड़ता है आटो का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महंगे यात्री किराए से राहत दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशन में शुरू किए गए प्रीपेड ऑटो बूथ से यात्रियों को ऑटो मिलना बंद हो गया है। रेवले स्टेशन में अमृत मिशन के तहत चल रहे सौंदर्यीकरण काम की वजह से मेन गेट बंद कर दिए जाने से यात्री आरपीएफ चौकी के बगल से आना जाना कर रहे हैं, जहां ऑटो और अन्य वाहनों के भीड़ की वजह से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

**खास बात**
- रेलवे स्टेशन में चल रहा अमृत मिशन के तहत सौंदर्यीकरण का कार्य



रेलवे स्टेशन में तैयार किया गया प्रीपेड बूथ।

रेलवे स्टेशन में प्रीपेड ऑटो बूथ शुरू होने से यात्रियों को एक बड़ी सुविधा मिली थी। विशेषकर उप नगरीय क्षेत्र के यात्रियों को रात के समय ऑटो के महंगे किराए से राहत मिल गई थी। शुरूआत में यह सुविधा बेहतर ढंग से संचालित होती रही और प्रतिदिन बुकिंग ऑटो की संख्या 200 से 300 तक पहुंची थी। इस नई व्यवस्था से शहर के यात्रियों को भी एक बड़ी सुविधा मिल गई थी। साथ ही साथ ऑटो संचालन की सुविधा भी व्यवस्थित हो गई थी, किंतु एक माह तक ही यह व्यवस्था संचालित होती रही। अब स्थिति यह है कि प्रीपेड बूथ में यात्री अगर ऑटो के लिए जाते हैं तो उन्हें वहां ऑटो नहीं मिलता। इसी तरह ऑटो भी यहां नहीं पहुंचते। इसका मुख्य कारण यह है कि रेलवे स्टेशन में सौंदर्यीकरण के तहत चल रहे कार्यों के कारण रेलवे स्टेशन का मेन गेट बंद होने के कारण यात्रियों का आना जाना आरपीएफ चौकी के बगल से हो रहा है। जिसकी वजह से ऑटो और अन्य वाहनों की भीड़ आरपीएफ चौकी के आसपास लगने के कारण यात्री बूथ तक जाना ही नहीं पसंद कर रहे और जल्दबाजी में जो ऑटो मिलता है उसी ऑटो से वे अपने स्थान के लिए रवाना हो जाते हैं। प्रीपेड ऑटो बूथ के शुरू होने से यात्रियों को एक बड़ी सुविधा मिल गई थी। हालांकि बूथ के आसपास अभी किसी तरह की सुविधा नहीं है। निर्माण कार्य चलने की वजह से बूथ जहां स्थापित है वहां भी व्यवस्था ठीक नहीं है।

**रात के समय यात्रियों को होती है परेशानी**

रात के समय आने वाली गाड़ियों के यात्रियों को अपने घर तक पहुंचने में अभी भी पहले की तरह यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कर्मचारियों की तैनाती नहीं होने के कारण ही यात्रियों को भटकना पड़ता है। शुरूआत में ऑटो संघ ने प्रीपेट बूथ के संचालन में सहयोग करने की बात कही है, किंतु वर्तमान में बूथ के संचालन की जिम्मेदारी उठाने वाले गंभीर नहीं है, प्रीपेड ऑटो बूथ बंद होने की स्थिति में पहुंच चुका है। यात्रियों में भी बूथ के संचालन में आ रही लापरवाही को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। उनकी माने तो यह व्यवस्था शहर से दूर जाने वाले उपनगरीय क्षेत्र के यात्रियों के लिए एक बड़ी सुविधा थी, इसका संचालन ठीक ढंग से किया जाना चाहिए।

# अलग- अलग हादसों में दो युवक की मौत, मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में मंगलवार को दो अलग अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले चालकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम सिघिंया में घटित हुई है। जहां तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बाइक सवार कटघोरा से तुमान की ओर जा रहा था, तभी सामने से आ रहे ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि बाइक ट्रेलर के नीचे फंस गई और युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया हालांकि, मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। हादसे के बाद ट्रेलर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम पताढ़ी के समीप हुई है यहां निवासरत राममिलन यादव उम्र 38 वर्ष पिता दिलराम यादव को एक तेज रफ्तार ट्रेलर की चालक ने अपने चपेट में ले लिया था जिसे गंभीर अवस्था में जिला मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर नहर में गिरा दबकर चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। जिससे इंजन के नीचे दब कर चालक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है।

वहीं मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया है। दरअसल ग्राम रक्सापाली के पास मंगलवार की सुबह एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलट जाने की घटना में चालक करन कुमार राठिया 29 साल की इंजन के नीचे दबकर मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि करन स्वयं के ट्रैक्टर में मुरूम लेकर कहीं जा रहा था। तभी नहर के पास वह अपने वाहन से संतुलन खो बैठा और ट्रैक्टर नहर में जाकर पलट गई।



जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद भूपदेवपुर पुलिस की टीम मौके पहुंचकर मृतक के शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे रजिस्ट्री कार्यालय

**कोरबा।** वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी के स्पष्ट निर्देश पर जनसुविधा को सर्वोपरि रखते हुए महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर यह निर्देशित किया गया है कि मार्च माह के सार्वजनिक अवकाश के दिनों 25, 29, 30 एवं 31 मार्च को भी सभी रजिस्ट्री कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, नागरिकों की सुविधा हेतु रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट का समय शाम 5 बजे से बढ़ाकर सायं 7 बजे तक कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 24 मार्च को रजिस्ट्री विभाग के सॉफ्टवेयर एनजीडीआरएस में तकनीकी समस्या आने के कारण सर्वर अस्थायी रूप से डाउन हो गया, जिससे कुछ समय के लिए रजिस्ट्री कार्य बाधित हुआ।

# अव्यवस्थित विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने विद्युत विभाग ने पार्षदों से मांगा सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के कई वार्ड ऐसे हैं जहां अव्यवस्थित विद्युत तार हैं या तो लो वोल्टेज की समस्या है। लगातार ऐसी समस्याओं के चलते स्थानीय उपभोक्ताओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है उपभोक्ताओं को आने वाली गर्मी में लो वोल्टेज की समस्या का सामना न करना पड़े और अव्यवस्थित विद्युत तार की समस्या ना झेलना पड़े इसके लिए विद्युत वितरण विभाग ने एक नई पहल की है। इसके लिए विद्युत विभाग के अफसरों ने क्षेत्र के सभी वार्ड पार्षदों को उसके क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर उनसे ही राय मांगी है और उनके बताए गए राय के आधार पर ही अव्यवस्थित विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा पर काम किया जाएगा ताकि आने वाली गर्मी में शहर वासियों को बेहतर विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से मिल सके।

**खास बात**
- मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना में किया जाएगा शामिल



उल्लेखनीय है कि निगम के 67 वार्ड में कई ऐसे वार्ड हैं जहां जो वोल्टेज की समस्या व्याप्त है या तो कई वार्डों में विद्युत व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित है या फिर खंभे टूटे हैं तो तार इधर उधर लटके हुए हैं जिसकी वजह से कई बार लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खासतौर पर लो वोल्टेज की वजह से बस्तियों में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विद्युत वितरण विभाग के अधीक्षक यंत्र पीएल सिदार ने इसके लिए नगर निगम के सभी वार्ड के पार्षदों को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर खराब विद्युत पोल एवं लाइन को बदलने अव्यवस्थित लाइनों को व्यवस्थित करने, लो वोल्टेज जैसी समस्या को लेकर 31 मार्च तक सभी पार्षदों से अपने लेटर पैड में सुझाव मांगा गया है ।

# हाथियों की चिंघाड़ से गूंज रहा चिकनीपाली का जंगल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले का जंगल हाथियों के लिए चारा, पानी व रहने लायक बेहतर वातावरण है। जिसके कारण 6 हाथियों के दल को कोरबा वनमंडल के करतला रेंज का चिकनीपाली जंगल भा गया है और वह लगभग 2 माह से यहां के कक्ष क्रमांक 1168 पर डेरा जमाया हुआ है।

**खास बात**
- करतला वन परिक्षेत्र अंतर्गत मंडरा रहा हाथियों का झुण्ड


सड़क पार करता हाथियों का झुण्ड।

हाथियों का दल यहां पहाड़ के नीचे गुफानुमा क्षेत्र में दिन भर विश्राम करने के बाद रात को निकलते हैं और आसपास चारा चरने के बाद पुनः वापस लौट आते हैं और विश्राम करने लग जाते हैं। हाथियों की मौजूदगी के कारण यह जंगल उनकी चिंघाड़ से लगातार गुंजायमान होते रहता है जिससे ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी का पता चल जाता है और वे इससे दूरी बनाए रखते हैं। हालांकि वन विभाग हाथियों की उपस्थिति को लेकर सतर्क है और लगातार उनकी निगरानी करने के साथ आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने करने का काम लगातार जारी रखे हैं। उधर कटघोरा वनमंडल के एतमानगर, केंदई, पसान व जटगा क्षेत्र में भी हाथियों की लगातार सक्रियता बनी हुई है। यहां अलग-अलग झुंडों में 62 की संख्या में हाथी घूम रहे हैं जिससे ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। ऐसे समय जब महुआ संग्रहण का काम तेजी से चल रहा है और ग्रामीण बड़ी संख्या में वनोपज संग्रहण के लिए घर से निकलकर जंगल का रूख कर रहे हैं ऐसे में खतरा और भी ज्यादा बढ़ गया है।

### कमिश्नर के निरीक्षण में मिली थी सांख्यिकी विभाग में वित्तीय गड़बड़ियां

कोरबा। सभी प्रशासनिक विभागों की योजनाओं को तैयार करने वाले सांख्यिकी विभाग में वित्तीय गड़बड़ियां सामने आ रही है। कमिश्नर बिलासपुर के निरीक्षण में वित्तीय गड़बड़ियां उजागर हुई थी। जिसमें गंभीर वित्तीय गड़बड़ियां शामिल हैं। निर्देश के बाद भी उनके सुधार कार्य को लेकर तत्परता नहीं दिखाई गई। तमाम तरह के वित्तीय मामले सामने आए हैं। संभाग आयुक्त बिलासपुर महादेव कावरे ने पिछले महीने जिले के प्रशासनिक विभागों का निरीक्षण किया था। उस निरीक्षण के दौरान सांख्यिकी विभाग भी गए थे जहां वे जिला सांख्यिकी अधिकारी एमएस कंवर से विभागीय योजनाओं की जानकारी लेकर कार्यों के संबंध में पूछताछ करते हुए कैश बुक और पासबुक में गलती पकड़ी गई थी जो गंभीर थी। कैश बुक और पास बुक में जो राशि दर्ज थी उनमें काफी अंतर था। जिसपर कमिश्नर बिलासपुर के द्वारा उसे मिलान कर सुधार करने के निर्देश दिए गए थे। बताया जाता है कि अब भी सुधार कार्य नहीं किया जा सका है। राज्य शासन की ओर से सांख्यिकी विभाग को नोटिस जारी की गई है जिसमें कैश बुक और पास बुक में अंतर की राशि को मिलान करने के आश्वासन के संबंध में जानकारी मांगी गई है। साथी महालेखाकार रायपुर के द्वारा किस वर्ष उक्त अंतर की राशि को आपत्ति में डाला गया था, उसकी भी जानकारी मांगी गई है। विभाग से मिले पत्र में यह जानकारी मांगी गई है कि कमिश्नर बिलासपुर के निरीक्षण पूर्व कैश बुक और पास बुक में कितने राशि का अंतर था। बताया जाता है कि स्थापना शाखा के कैश बुक और पास बुक में पिछले 6 सालों का अंतर था।

# पति निकला हत्यारा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कटघोरा।** कटघोरा थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के पास 24 मार्च की सुबह एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस की गहन छानबीन के बाद हत्या की गुत्थी महज कुछ घंटों में सुलझा ली गई। जांच में सामने आया कि महिला की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके पति ने ही की थी।थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच शुरू की। इस दौरान डॉग स्क्वायड, फोरेंसिक और साइबर सेल की सहायता से साक्ष्य जुटाए गए। मृतका लता नेताम किराए के मकान में अकेली रहती थी और मजदूरी कर अपना जीवनयापन कर रही थी। 24 मार्च की सुबह उसका शव घर के सामने बाड़ी में संदिग्ध



अवस्था में मिला। घटनास्थल से खून से सनी ईंटें और खुला दरवाजा मिलने से हत्या की आशंका गहरा गई। पुलिस ने सुराग जुटाए और जल्द ही आरोपी की पहचान कर ली। जांच में सामने आया कि आरोपी अमोल सिंह नेताम पिता संतराम नेताम, उम्र 34 वर्ष, निवासी दमऊकुंडा, हाल मुकाम डूमरमुड़ा, थाना बांगो ने अपनी पत्नी लता नेताम की हत्या की। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 8 महीने पहले उसकी पत्नी उसे और तीनों बच्चों को छोड़कर अलग रहने लगी थी, जिससे वह नाराज था।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता श्रीमती संगीता भोजासिया पति श्री नमीष भोजासिया निवासी मारुति लाइफ स्टाइल रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा बरपाली चांपा स्थित भूमि एक नं. 74/2 कुल रकबा 6 डिस्मिल (0.0240 हेक्टेयर) जो राजस्व अभिलेख में दर्ज है को खरीदने का पक्का सौदा तय कर मेरे द्वारा बयाना राशि दी जा चुकी है जिसकी निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना है। अतः इस सौदे के बाबत यदि किसी व्यक्ति बैंक / संस्था / शासकीय / अर्द्धशासकीय निकाय या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर समस्त दस्तावेजों सहित मेरे समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात की गई किसी प्रकार की कोई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जानें।

चांपा, दिनांक 26/03/2025

भवदीय
विवेक केशरवानी
पिता श्री रामकिशोर केशरवानी
निवासी चांपा जिला जांजगीर चांपा
(छ.ग.) मो. नं.9827961862

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र /ब-121/2024-2025
ग्राम चांपा तहसील चांपा
आवेदक श्री हर्ष महंत पिता श्री मंगलदास महंत जाति पनिका एवं आवेदिका श्रीमती पायल झा पति श्री हर्ष महंत जाति ब्राम्हण दोनो निवासी ग्राम चांपा तहसील व थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हर्ष महंत पिता श्री मंगलदास महंत जाति पनिका एवं आवेदिका श्रीमती पायल झा पति श्री हर्ष महंत जाति ब्राम्हण दोनो निवासी ग्राम चांपा तहसील व थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनो का विवाह दिनांक 27/01/2025 को स्थान कृष्ण तुलसी धर्मशाला चांपा तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 09/04/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/02/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

विवाह अधिकारी
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**Change Of Name**

It is to informed to the general public that I GURVINDER SINGH S/O SURENDRA SINGH resident of HOUSE NO. 01 WARD NO. 24 TAHSIL ROAD CHAMPA District Janjgir-Champa {C.G.} have changed my old name GURVINDER SINGH S/O SURENDRA SINGH, so in future I should be recognized by my new name that is GURVINDER SINGH SALUJA S/O SURENDRA SINGH SALUJA in all Government and other Documents.

GURVINDER SINGH SALUJA
S/O SURENDRA SINGH SALUJA
HOUSE NO. 01 WARD NO. 24
TAHSIL ROAD CHAMPA
DISTRICT JANJGIR-CHAMPA (C.G.)

**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध



डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)



जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh
Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज,
- पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग



जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग — 24/7 EMERGENCY SERVICES
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,

सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीजर (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुंह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,

सुविधाएं:
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

26-Mar- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 3/26/2025 7:49 PM Page 1





# 'फुले' में है सामाजिक बदलाव की कहानी...

**नई दिल्ली।** हाल ही में फिल्म 'फुले'का ट्रेलर रिलीज हुआ है। यह फिल्म एक बायोग्राफिकल ड्रामा है। इस फिल्म के ट्रेलर में अभिनेत्री पत्रलेखा, अभिनेता प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव फुले और उनकी सावित्रीबाई फुले के किरदारों में नजर आ रहे हैं। ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले किस प्रकार समाज में क्रांति लेकर आए, उन्होंने महिलाओं, दलितों के लिए बदलाव की राह तैयार की, इन्हीं बातों की झलक ट्रेलर में नजर आती है। अनंत महादेवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'फुले' में प्रतीक गांधी ने ज्योतिराव फुले और पत्रलेखा ने उनकी पत्नी ज्ञानज्योति सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभाई है।

लाइफ Style



# रश्मिका

## मील का पत्थर साबित होगी 'सिकंदर'

एजेंसी ⏭ मुंबई

सलमान खान और रश्मिका मंदाना अभिनित फिल्म सिकंदर इस महिने की 30 तारीख को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म का प्रमोशन जोरो-शोरो से चल रहा है। फिल्म प्रमोशन के दौरान रश्मिना ने सिकंदर की जमकर तारीफ की।

सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी, जो प्रशंसकों को बेहद पसंद भी आ रही है। वहीं, फिल्म का प्रमोशन लगातार चल रहा है और इसी बीच रश्मिका ने सलमान की जमकर तारीफ की, जिसे सुनकर भाईजान के फैंस जरूर खुश हो जाएंगे। टॉलीवुड और बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना लगातार लगातार कई हिट फिल्में देती आई हैं, जिसमें रणबीर कपूर के साथ 'एनिमल' और अल्लू अर्जुन के साथ 'पुष्पा 2 द रूल' शामिल हैं। वहीं अब उन्होंने बॉलीवुड दबंग खान के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर अपनी एक्साइटमेंट जाहिर की है। रश्मिका मंदाना ने सलमान की तारीफ करते हुए कहा कि उनके साथ फिल्म 'सिकंदर' में काम करना, उनके लिए बेहद सम्मान की बात है, क्योंकि वह बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं, जिन्हें हर कोई पसंद करता है और वह भारतीय सिनेमा में सबसे प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक हैं। साउथ की कई बेहतरीन फिल्मों के बाद अब बॉलीवुड फिल्मों में कदम जमा चुकीं रश्मिका का मानना है कि फिल्म सिकंदर उनके कॅरियर के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# 'द डोनट ब्रदर्स' पुकारती हैं मालती

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के पति और सिंगर निक जोनस ने हाल ही में अपनी 3 साल की बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि वह जोनस ब्रदर्स की महानता को समझती हैं कि नहीं। वहीं, सिंगर ने शेयर किया कि मालती उनके ग्रुप को जोनस की जगह डोनट ब्रदर्स पुकारती हैं। निक जोनास ने यह भी बताया कि वह उनके भाई जो जोनास को 'गो' कहकर बुलाती हैं। जोनस ब्रदर्स की पॉपुलैरिटी पर बेटी मालती मैरी के रिएक्शन पर बात करते हुए निक जोनस ने कहा, 'मेरी बेटी एक जागरूक है।



# पत्रकारों और डायरेक्टर्स ने मिलकर बनाई 'नो अदर लैंड'

**लॉस एंजिल्स।** डॉक्यूमेंट्री 'नो अदर लैंड' के लिए, हमदान बल्लाल ने युवल अब्राहम और साथी फिलीस्तीनी फिल्म निर्माता बेसल अद्रा और इजरायली सिनेमेटोग्राफर, एडिटर और डायरेक्टर राहेल सोर के साथ मिलकर काम किया। 'नो अदर लैंड' का वर्ल्ड प्रीमियर 2023 बर्लिनले में हुआ था, जहां इसने ऑडियंस अवॉर्ड और बर्लिनले डॉक्यूमेंट्री अवॉर्ड जीता। हालांकि, युवल अब्राहम ने अपने भाषण में इजरायल में 'रंगभेद की स्थिति' की आलोचना करने और गाजा में युद्ध विराम का आह्वान किया था, जिस कारण विवाद हो गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, युवल अब्राहम को मौत की धमकियां मिली हैं और उन पर यहूदी विरोधी होने का आरोप लगाया। 'नो अदर लैंड' में इजरायली सैनिकों के कब्जे वाले वेस्ट बैंक के मासफर यट्टा में विनाश को दिखाया गया है। डॉक्यूमेंट्री के को-डायरेक्टर बेसल अद्रा ने हमदान बल्लाल को हिरासत में लेकर जाते हुए देखा।



# 'छोरी-2' में नजर आया खौफनाक मंजर...

**मुंबई।** साल 2021 में फिल्म 'छोरी'ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई। इसमें एक सामाजिक कुरीति को भूतों की कहानी के साथ जोड़कर दिखाया गया था। अब इस फिल्म का अगला पार्ट यानी 'छोरी 2' भी ओटीटी पर रिलीज होने वाला है। इस फिल्म के हालिया रिलीज टीजर में अभिनेत्री नुसरत भरुचा नजर आ रही हैं। वह पहली फिल्म का भी हिस्सा थीं। 'छोरी 2' के टीजर में भी पिछली फिल्म की तरह की हॉरर, ड्रामा नजर आ रहा है। फिल्म 'छोरी 2' के टीजर को प्राइमवीडियोइन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर भी साझा किया है। इसके साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'एक बार फिर, वो खेत, वो खतरा और वो खौफ'। टीजर में भी यही सब बातें नजर आती हैं। नुसरत भरुचा का किरदार अपने आपको एक खेत में खौफनाक परिस्थितियों में घिरा हुआ पाता है।




# 'रेड-2' से आया रितेश का पहला लुक...

**मुंबई।** मंगलवार को फिल्म 'रेड 2' से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आ गया है, जिसमें वह कई लोगों के बीच नेता की भूमिका में नजर आ रहे हैं। पोस्टर को देखकर लग रहा है कि वह किसी चीज के खिलाफ खड़े होकर नारा लगा रहे हैं। अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' की रिलीज की घोषणा के साथ उनका पहला लुक भी सोमवार को जारी किया गया था। आज फिल्म 'रेड 2' से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आया है। इस लुक को अजय देवगन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'कानून का मोहताज नहीं, कानून का मालिक है दादा भाई'। अजय के इस कैप्शन से लग रहा है कि रितेश इस फिल्म में दादा भाई की भूमिका में नजर आएंगे। आगे अजय ने लिखा, 'रेड 2' आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 1 मई 2025।

## टीवी मसाला



# अभी खत्म नहीं हुआ बाबा निराला और भोपा स्वामी का खेल...

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल के लिए फिल्म 'एनिमल' से पहले प्रकाश झा की वेब सीरीज 'आश्रम' ने उनकी किस्मत बदल दी थी। इस शो में वे काशीपुर वाले बाबा निराला का किरदार निभाते हैं, जो एक दुष्ट बाबा है लेकिन बाहर से संत जैसा दिखता है। अब तक एमएक्स प्लेयर पर इस शो के तीन सीजन आ चुके हैं और लोग चौथे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। चंदन रॉय सान्याल ने आश्रम के सीजन 4 को लेकर जानकारी शेयर की है। चंदन रॉय सान्याल वेब सीरीज में बाबा के खास सहायक भोपा स्वामी का रोल निभाते हैं। चंदन रॉय सान्याल ने अंग्रेजी वेबसाइट बॉलीवुड हंगामा से खास बातचीत में कहा, 'हर कोई एक ही सवाल पूछ रहा है। मुझे लगता है कि यह इस साल आ जाना चाहिए. तैयारी पूरी है। शूटिंग के कुछ हिस्से बाकी हैं और स्क्रिप्ट पर भी काम चल रहा है।' उन्होंने यह भी बताया कि जहां भी वे जाते हैं, लोग उन्हें शो की तरह 'जपनाम' कहकर बुलाते हैं। चंदन ने कहा, 'एयरपोर्ट हो या रेस्तरां, बहुत सारे लोग ऐसा कहते हैं। आश्रम' ऐसी वेब सीरीज है जो हर तरह के दर्शकों तक पहुंची है। चाहे ऑटो-रिक्शा ड्राइवर हो, बस ड्राइवर, सीआरपीएफ गार्ड, एयरपोर्ट का सिक्योरिटी गार्ड, एयर होस्टेस, या मुंबई के नानावटी हॉस्पिटल का बड़ा सर्जन, सभी 'जपनाम' कर रहे हैं। प्रकाश जी ने इसे इतने शानदार तरीके से बनाया है कि यह हर जगह पहुंच गया है। आश्रम में आदिति पोहनकर, त्रिधा चौधरी, ईशा गुप्ता, अनुप्रिया गोयनका, दर्शन कुमार जैसे कई कलाकार भी हैं।

# अनोखे अंदाज में कमबैक कर रहा है अनुपमा का वनराज शाह...

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल अनुपमा में वनराज का रोल निभाकर घर घर में पहचान बनाने वाले एक्टर सुधांशु पांडे टीवी पर जबरदस्त



कमबैक कर रहे हैं। आपको बता दें कि पिछले ही साल सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को छोड़कर अपने फैंस को चौंका दिया था। कहा जा रहा है कि सुधांशु इस सीरियल को काफी सालों से कर रहे थे और उनको लग रहा था कि अब सीरियल में उनके लिए कुछ खास नहीं बचा है। ऐसे में अपने कॅरियर को नया मोड़ देने के लिए सुधांशु ने अनुपमा सीरियल को बाय बाय कह दिया था। कई दिनों तक सुधांशु के बारे में कोई खबर नहीं आई, लेकिन अब उनके कमबैक की खबर ने उनके फैंस को उत्साहित कर दिया है। खबर है कि सुधांशु पांडे ने टीवी पर कमबैक करने वाले है और वो जल्द ही टीवी शो वागले की दुनिया में नजर आएंगे. इस शो में उनके किरदार का नाम रॉकी होगा और अपने नाम की तरह की सुधांशु इस सीरियल में रॉकिंग परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं।

# मंच पर फफक कर रो पड़ीं

*मुंबई। नेहा कक्कड़ का मेलबर्न में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट था, जहां वह तीन घंटे देरी से पहुंची। वायरल हो रहे वीडियो में दिखता है कि नेहा जैसे ही मंच पर पहुंचतीं हैं, तो फैंस उनका स्वागत करते हैं। यह देख वह अपने आंसू नहीं रोक सकीं और रो पड़ीं। साथ ही गायिका ने दर्शकों को कहा कि आप सभी बहुत प्यारे हैं। इतनी देर से आप उनका इंतजार कर रहे हैं। नेहा ने कहा कि आजतक उन्होंने किसी को इंतजार नहीं करवाया, क्योंकि उन्हें इससे नफरत है। उन्होंने इसके लिए क्षमा मांगते हुए कहा कि वह इस शाम को कभी नहीं भूलेंगी। वायरल हो रहे इस वीडियो में कुछ फैंस को गायिका के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते सुना जा सकता है। शो में देरी से आने पर एक फैंस ने कहा कि यह भारत नहीं हैं, आप ऑस्ट्रेलिया में हैं। वहीं, दूसरे फैंस ने चिल्लाया कि वापस जाओ, अपने होटल में आराम करो। इसी पर एक अन्य फैंस ने कहा कि यह इंडियन ऑयडल नहीं हैं, जहां आप बच्चों*



*के साथ परफॉर्म कर रही हैं। इस कॉन्सर्ट से जुड़ी तस्वीरों को नेहा कक्कड़ ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। पोस्ट के कैप्शन में गायिका ने लिखा कि धन्यवाद सिडनी और मेलबर्न की रात को शानदार बताया। गायिका ने संगीत जगत में अपने कई गानों से एक खास पहचान बनाई है, जिसमें 'लंदन ठुमकदा', 'कर गई चुल', 'काला चश्मा', और 'आंख मारे जैसे गाने शामिल हैं।*

# इस साल रिलीज होंगे कई सीक्वल एक में हैं 15 से ज्यादा एक्टर्स...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी फ्रेंचाइजी हैं जिनकी फिल्मों के सीक्वल का लोगों को इंतजार रहता है। इस साल दर्शकों को कई बड़ी फिल्मों के सीक्वल देखने को मिलेंगे, क्योंकि आगामी महीनों में अजय देवगन से लेकर अक्षय कुमार और ऋतिक रोशन जैसे बड़े स्टार्स अपनी फिल्मों के सीक्वल लेकर आ रहे हैं। हाल ही में केसरी चैप्टर 2 का टीजर जारी किया गया है। इस फिल्म में जलियावाला बाग में हुई घटना और गोलीबारी को दिखाया जाएगा। केसरी के अलावा भी इस साल कई और फिल्मों के सीक्वल और फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी आने वाली है।

**रेड 2** : 2018 में आई अजय देवगन की फिल्म 'रेड'1980 में उत्तर प्रदेश में एक बाहुबली के घर पर हुई छापेमारी की असली कहानी पर आधारित थी। अब 'रेड' के लगभग 7 साल बाद मेकर्स 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं। फिल्म की घोषणा काफी पहले ही कर दी गई थी, जिसके बाद से ही दर्शक इस फिल्म के लिए उत्साहित थे। अब कल फिल्म की नई रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। 'रेड 2' 1 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में एक बार फिर अजय देवगन इनकम टैक्स ऑफिसर अमय पटनायक की भूमिका में दिखाई देंगे।

**हाउसफुल 5** : साजिद नाडियाडवाला और अक्षय कुमार की हाउसफुल फ्रेंचाइजी की अगली कड़ी 'हाउसफुल 5' इस बार 6 जून को दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। इससे पहले इस फ्रेंचाइजी की चार फिल्में रिलीज हो



चुकी हैं, जिनमें जबरदस्त कॉमेडी देखने को मिली थी ऐसे में फिल्म की पांचवीं कड़ी से भी लोगों को वैसी ही कॉमेडी की उम्मीद है। इस फिल्म में हाउसफुल के बाकी भागों की तरह एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आने वाली है। जिसमें अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के अलावा, अभिषेक बच्चन, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डिनो मोरिया, जैकलीन फर्नांडीज, चित्रांगदा सिंह, नरगिस फाकरी और चंकी पांडे समेत कई सितारे शामिल हैं।

**वॉर 2** : यशराज के स्पाई यूनिवर्स की अगली कड़ी 'वॉर 2' इस साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। यह फिल्म 2019 में आई ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर स्टारर 'वॉर' की अगली कड़ी है। इस बार भी फिल्म में ऋतिक रोशन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। उनके साथ जूनियर एनटीआर इस बार दो-दो हाथ करते दिखेंगे। इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन और एडवेंचर देखने को मिल सकता है। दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

**दे दे प्यार दे 2** : अजय देवगन, रकुल प्रीत सिंह और तब्बू की फिल्म 'दे दे प्यार दे'साल 2019 में रिलीज हुई थी। एक शादीशुदा और दो बच्चों के पिता के एक युवा लड़की के प्यार में पड़ने और फिर अपनी पत्नी और बच्चों से उसे मिलवाने की कहानी, इस कॉमेडी ड्रामा को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इस फिल्म का अगला भाग 'दे दे प्यार दे 2' इस साल 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है। फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा मेकर्स ने पिछले साल ही कर दी थी। 'दे दे प्यार दे 2' में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के साथ आर माधवन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

### शूटिंग शुरू होने के बाद भी हो रही थी उन्हें बाहर करने की चर्चा

# गब्बर के रोल के लिए पहली पसंद नहीं थे अमजद खान

*आप सबको पता ही होगा की फिल्म में गब्बर का किरदार अमजद खान ने निभाया था, लेकिन क्या आपको ये पता है की गब्बर रोल के लिए अमजद खान फिल्म निर्माता की पहली पसंद नहीं थे। यहां तक की शूटिंग के दो दिन बाद अमजद खान को फिल्म से निकालने की बाते भी चलने लगीं थी। लेकिन अमजद खान ने भी अपनी एक्टिंग से सबको दिखा दिया था की उनसे बेहतर गब्बर बॉलीवुड में दूसरा नहीं होगा। आखिर फिल्म डायरेक्टर रमेश सिप्पी किस एक्टर को गब्बर किरदार में लेने की सोच रहे थे।*

**नई दिल्ली।** जब भी बॉलीवुड में खतरनाक विलेन्स की बात होती है तो गब्बर का नाम लिस्ट में सबसे पहला नजर आता है। लेकिन आपको ये शायद ही पता होगा की गब्बर के किरदार के लिए फिल्म निर्देशक की पहली पसंद अमजद खान नहीं, बल्कि कोई और एक्टर थे। साल 1975 की कल्ट क्लासिक फिल्म शोले...जिसका नाम सामने आते ही जय-वीरू की जोड़ी तो याद आती ही है। साथ ही गब्बर के एवरग्रीन डायलाग कानों में गूंजने लगते हैं। गूंजें भी क्यों ना आखिर शोले में गब्बर का किरदार था ही इतना पावरफुल था जिसे कोई भी देखे तो जिंदगी भर ना भूल पाए।



## डैनी डेन्जोंग्पा का एक्टिंग कॅरियर

सिक्किम के रहने वाले डैनी डेन्जोंग्पा ने फिल्मों में ज्यादातर विलेन किरदार निभाकर सिनेमा में अपनी पहचान बनाई। डैनी ने बॉलीवुड में अपना करियर साल 1971 की फिल्म जरूरत में छोटे रोल से किया, जो 1972 में रिलीज हुई थी। डैनी साल 1973 की फिल्म धुंध में पहली बार नेगेटिव रोल में नजर आए। दो रंग (1979), अंदर बाहर (1984), आंधी तूफान (1986), भगवान दादा (1986), अग्निपथ (1990), हम (1992), क्रांतिवीर (1994), घातक (1996) और पुकार (2000) डैनी डेन्जोंगपा की यादगार फिल्मों में से एक हैं। इसके अलावा एक्टर आखरी बार साल 2022 की फिल्म ऊंचाई में नजर आए। डैनी साल 1992 की फिल्म 'सनम बेवफा' और साल 1993 की फिल्म खुदा गवाह के लिए फिल्मफेयर बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर अवार्ड जीते।

## ये बैड मैन थे डायरेक्टर की पहली पसंद

फिल्म मेकर रमेश सिप्पी डैनी डेन्जोंग्पा को बतौर गब्बर फिल्म में साइन करना चाहते थे, लेकिन डैनी डेन्जोंग्पा ने धर्मात्मा फिल्म में अपने पॉजिटिव रोल के लिए शोले ठुकरा दी थी और शोले रिलीज होने के बाद डैनी ने बताया कि उन्हें इस फैसले पर कोई अफसोस नहीं है। क्योंकि, कोई भी लेजेंडरी विलेन का रोल अमजद खान से बेहतर नहीं कर सकता था।

## खबर संक्षेप



### हसदेव नदी में डूबने से मौत पर परिजनों को दी गई चार लाख की आर्थिक सहायता

**चांपा।** चांपा के वार्ड नं. 6 नीम चौक के पास रामकुमार केवट की हसदेव नदी में डूबने से हुई मृत्यु के मामले में छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा उनके परिजनों को आर्थिक सहायता अनुदान प्रदान किया गया है। शासन के राजस्व पुस्तक के अंतर्गत निर्धारित मापदंडों और दरों के अनुसार मृतक की पत्नी, श्रीमती हिरेश्वरी केवट को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।यह सहायता अनुदान शासन द्वारा प्राकृतिक आपदा से हुई जनहानि के मामलों में पीड़ित परिवारों की आर्थिक स्थिति को सहारा देने के उद्देश्य से प्रदान की जाती है। शासन की इस पहल से पीड़ित परिवार को राहत मिलने की उम्मीद है। हसदेव नदी में इस दुर्घटना के बाद प्रशासन ने भी लोगों से नदी के आसपास सतर्कता बरतने की अपील की है ताकि ऐसी दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

### सिलादेही में चैत्र नवरात्रि की तैयारी जोरों पर

**बिर्रा।** हिंदू धर्म के मुख्य व्रत त्योहार में से एक नवरात्रि पर्व को माना जाता है। इस बार रविवार 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो रही है नवरात्र में सप्तमी अष्टमी और नवमी तिथि का विशेष महत्व माना जाता है। इस क्रम में जिला मुख्यालय जांजगीर बम्हनीडीह ब्लॉक के हसदो नदी के तट पर बसे आदर्श ग्राम सिलादेही में मां चंडी दाई मंदिर में चैत्र नवरात्रि की तैयारी प्रारंभ हो गई है। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित शिव प्रसाद तिवारी एवं पंडित देवकीनंदन तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां चंडी दाई मंदिर में चैत्र नवरात्रि की तैयारी जोरों पर हैं। घट स्थापना अभिजीत मुहूर्त के साथ नवरात्र प्रारंभ होगा मंदिर परिसर को साफ सफाई कर रंग रोगन किया जा रहा है। मंदिर के चारों ओर लाइट व झालरों से सजाया जाएगा। इसकी तैयारी पर पूरे ग्राम वासी लगे हुए हैं

### चैत्र बासंती नवरात्रि 30 से की जा रही तैयारी

**बिर्रा।** ग्राम बिर्रा में मां चंडी मंदिर में विश्व-कल्याण हेतु चैत्र वासंती नवरात्रि पर्व पर 30 मार्च से 6 अप्रैल तक नवरात्रि पर्व का आयोजन किया गया है। जिसमें मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित होंगे। आचार्य पं सुरेन्द्र कुमार दुबे होंगे। मंगल ज्वारा और ज्योति कलश हेतु घृत ज्योति 1551 रुपए, तेल ज्योति 751 रुपए और मंगल ज्वारा 251 रूपए के साथ रसीद प्राप्त कर सकते हैं। नवरात्रि पर्व को लेकर जय मां चंडी विकास समीति बिर्रा एवं समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### आकस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट एक प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम गुचकुलिया निवासी मृतक स्व. दादूलाल साहू का तालाब के पानी में डुबने के कारण मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के बहू श्रीमती सुशीला साहू पति स्व.जगदीश साहू को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

### सशिमं की छात्रा निधि का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**बिर्रा।** सरस्वती शिशु मंदिर बिर्रा की छात्र निधि कहार का नवोदय विद्यालय परीक्षा चिस्दा में चयन होने पर हर्ष व्याप्त है। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 चिस्दा के लिए परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर बिर्रा छात्र निधि कहार का चयन नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा चिस्दा में चयनित हुआ है। उनके चयन होने पर पिता चन्द्र कुमार कहार, माता प्रमिला देवी कहार व प्रभारी प्राचार्य व स्टाफ को दिया है।

## निधन

### शिव मिश्रा



**चांपा।** स्थानीय ब्राम्हण समाज के नागरिक एवं नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद मिशन रोड निवासी शिव मिश्रा का मंगलवार 25 मार्च को निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे। जीवन भर अविवाहित रहे तथा देहदानी स्व. मिश्रा का पार्थिव शरीर बुधवार 26 मार्च को सुबह 10 बजे निवास स्थान फ्रेंडस हाउस मिशन रोड से हसदेव बेरियर के पास सार्वजनिक मुक्तिधाम तक ले जाया गया। उनके शरीर को उनकी इच्छानुरूप शासकीय मेडिकल कॉलेज बिलासपुर के चिकित्सकों के समूह को सौंप दिया गया। स्व. मिश्रा नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता नंद किशोर के भाई थे।

### शराब दुकान का स्थानांतरण करने, गर्मी में 10 नए बोर खनन का प्रस्ताव

# पीआईसी की बैठक में 30 बिन्दुओं पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



पीआईसी की बैठक में चर्चा करते अफसर व जनप्रतिनिधि।

नगर पालिका परिषद अकलतरा के पीआईसी की प्रथम बैठक आयोजित कर नगर के मुख्य मार्ग पर किराए की दुकान में संचालित अंग्रेजी एवं देसी शराब दुकान को नगर पालिका द्वारा स्वयं की बनाई गई दुकान में स्थानांतरित करने सहित 30 बिंदुओं पर विचार विचार विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान पुराने नगर पालिका भवन में नीचे के हाल को लाइब्रेरी एवं ऊपर के हाल को सामुदायिक भवन बनाए, जाने भीषण गर्मी को देखते हुए तत्काल 10 नए बोर खनन करने, नगर पालिका में सुविधाओं की मांग एवं समस्याओं की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर चालू करने, वार्ड नंबर 11 में नाली की समस्या को दूर करने, नगर वासियों के लिए 500 सीटर ऑडिटोरियम का निर्माण करने , मिनीमाता मंगल भवन एवं रामसागर तालाब मे मरम्मत कार्य एवं सौंदर्यीकरण करने ,प्लेसमेंट का टेंडर शीघ्र निकिले जाने, सब्जी मार्केट को व्यवस्थित करने, यातायात व्यवस्था को सुधारने ,ओवर ब्रिज का सौंदर्यीकरण करने सहित अनेक बिंदुओं पर चर्चा कर प्रस्ताव रखा गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह,सभापति दिनेश दास, पुरुषोत्तम नामदेव, सुनीता आशीष प्रसाद, वैशाली विवेक सिंह,रुक्मणी वैष्णव एवं समिता सिन्हा एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

### जनहित के कार्यों को लेकर सीएमओ से मिले पार्षद



**अकलतरा।** वार्ड नंबर 16 के पार्षद विजय खांडेल के द्वारा जनहित के कार्यों को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह को ज्ञापन सौंप कर नगर की व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की गई है। विजय खांडेल ने बताया कि नवरात्रि से पहले नगर के समस्त मंदिरों की पुताई करने, नगर के समस्त वार्डों के नालियों की साफ सफाई के साथ चुना ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने, नगरवासियों के लिए पेयजल की पहले से व्यवस्था करने, नवरात्रि के पहले सभी स्ट्रीट पोल में लाइट की व्यवस्था करने, नगर के सभी चौक में स्टील की परमानेंट सीढ़ी लगाए जाने,पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में लाइट की व्यवस्था, बाथरूम की व्यवस्था एवं क्रिकेट खिलाड़ियों के नेट प्रैक्टिस के लिए नेट की व्यवस्था करने, बास्केटबॉल ग्राउंड का मरम्मत करने, बैडमिंटन हाल का मरम्मत कार्य करने सहित वार्ड क्रमांक 16 में जनहित के विभिन्न कार्यों को कराए जाने की मांग की गई है। मांगों को लेकर सीएमओ ने सकारात्मक आश्वासन दिया है।

# सड़क के बाहर रख रहे सामान आने जाने वालों को हो रही परेशानी

### अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



विधायक को ज्ञापन सौंपते नगरवासी।

नगर के कुंवर भवन भास्कर सिंह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला से रेलवे स्टेशन तक सड़क के दोनों और अवैध कब्ज़ा की स्थिति निर्मित हो रही है। दुकानदारों के द्वारा सड़क के दोनों ओर अपना सामान रख रहे है। जिसके कारण लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिसे लेकर नगरवासियों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर इस दिशा में पहल करने की मांग की है।

कांग्रेस पार्टी आरटीआई विभाग लोकसभा प्रभारी सचिव एवं सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष तनवीर आलम के नेतृत्व में सब्जी विक्रेताओं के द्वारा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, नगर पाली पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी एवं एसडीएम विक्रांत अंचल को ज्ञापन सौंप कर नगर के कुंवर भवन भास्कर सिंह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला से रेलवे स्टेशन तक सड़क के दोनों और अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग करते हुए की गई है। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि सड़क के दोनों और दुकानदारों के द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से अपना सामान निकाल कर रखे जाने से नगर वासियों को आवागमन में सुविधा होती है एवं विशेष कर शास्त्री चौक एवं सब्जी मार्केट में प्रतिदिन जाम लगने से लोगों को अत्यधिक परेशानियों का सामनाकरना पड़ता है। नगर पालिका के द्वारा शास्त्री चौक से रेलवे स्टेशन तक फुटपाथ का निर्माण भी कराया गया है लेकिन अधिकांश दुकानदार फुटपाथ पर कब्जा कर अपना दुकान लगते हैं। जिसके चलते लोगों को आवागमन करने में परेशानी होती है। ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर सब्जी मार्केट के दुकानदारों के द्वारा सामने का स्थान को पूरी तरह से घेर लिया गया है। जिसके चलते ग्राहक सब्जी मार्केट के अंदर जाने से कतराते हैं। दुकानदारों के द्वारा कमजोर छत के ऊपर बड़ी-बड़ी पानी टंकियां स्थापित की गई है। जिसके चलते छत का प्लास्टर उखड़ रहा है एवं कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है। सब्जी मार्केट के अधिकांश दुकानदारों की लीज भी समाप्त हो गई है। सब्जी मार्केट के दुकानों की चाल को हटाकर व्यवस्थित रूप से सब्जी बाजार बनाए जाने की आवश्यकता है। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर सड़कों से अवैध कब्जा हटाने एवं सब्जी मार्केट को सुरक्षित किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में सब्जी विक्रेता संघ अध्यक्ष तनवीर आलम, विक्की देवांगन, मनीष साहू, राधे देवांगन, विजय कैवार्ट, राज साहू, खेमलाल देवांगन, योगेश, घनश्याम, जुगुल, संतोष, शेखर, महेंदर, हिमांशु, रमेश, राजेश, मोंटू, ग्यारशी, राकेश, अनिल, खिलावन, मन्नू, सूरज, रम्पो, बशीर, हिमांशु, संदीप, बबला, भोला, लटिया, दिनेश एवं सदस्य बड़ी संख्या में शामिल थे।

# भक्त माता कर्मा की जयंती मनाई गई धूमधाम से

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद



भक्त माता कर्मा की जयंती मनाते साहू समाज के लोग।

तैलीक कुल की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती पूरे हर्षोल्लाष के साथ ग्राम पेंड्री के साहू समाज भवन में समस्त स्वजातीय एवं ग्रामवासियों द्वारा मनाया गया।

सर्वप्रथम मां कर्मा की आरती की गई फिर कोरबा पहाडगांव से आए हुए जस जागरण बालिका कर्मा नृत्य पार्टी के द्वारा भव्य और मनोरम कर्मा नृत्य प्रस्तुति की गई। उसके साथ ही साथ ग्राम के समस्त माता बहनों के साथ कलश यात्रा का भ्रमण पूरे ग्राम में कराया। बच्चों को भक्त माता कर्मा और भगवान जगन्नाथ बनाकर उनकी झांकी को पूरे ग्राम में भ्रमण कराया गया। नवनिर्वाचित पंचों का सम्मान और ग्राम साहू समाज के मुखियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बालेश्वर साहू जिलाध्यक्ष एवं विधायक जैजैपुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेतराम साहू केंद्राध्यक्ष हसौद परिक्षेत्र एवं उपसरपंच ग्राम पेंड्री ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ कैलाश साहू पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा एवं डॉ नरसिंह साहू संरक्षक एवं पूर्व केंद्राध्यक्ष हसौद थे। अतिविशिष्ट अतिथि हेमलाल साहू केंद्राध्यक्ष सेन्द्री, लोकेश साहू केंद्राध्यक्ष छपोरा, नीलम साहू सचिव हसौद परिक्षेत्र, रामस्वरूप साहू ग्रामध्यक्ष चिस्दा थे। कार्यक्रम में लखन लाल कश्यप, बलदराम कश्यप, शनिदयाल मिरि, मनसुखा मिरी, गिरजा कश्यप, शुभा कर्ष, लक्ष्मीप्रसाद् मिरि, सुभद्रा साहू, सबदबाई साहू, सतनारायण साहू, कन्हैया, नारायण, छेदराम, अंतराम, ओमप्रकाश, भरत, सोनी, सुखसागर, कुशल, कांशीराम, तुलाराम, मन्नू, लाल, चैनराम, सुखुराम, सग्गुन, विवेक चौहान, छत राम, पदमन, बेदुराम, तीजराम, कुशवा, बाबूलाल, देवेंद्र, सुरेंद्र साहू उर्फ मुन्ना, रामगुलाल, दिलेश्वर, रमेश, केशव एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नवोदय विद्यालय चिस्दा में दुष्यंत का हुआ चयन

**बिर्रा।** नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा चिस्दा में जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल बिर्रा के छात्र दुष्यन्त कश्यप का चयन हुआ है। जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में चयन परीक्षा 2025 में चयन के लिए परीक्षा आयोजित किया गया था जिसमें जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल बिर्रा में कक्षा पांचवीं के छात्र दुष्यन्त कश्यप ने प हली ही सफलता मे नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा चिस्दा में चयनित हुआ है अपनी सफलता का श्रेय अपने पापा उदयनारायण कश्यप माता सुनिता कश्यप चाचा मुकुंद कश्यप जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालक एस एल चद्रा को दी है साथ ही मार्गदर्शक एक्सापायरी अकादमी घिवरा संचालक दुष्यन्त कुमार कश्यप के प्रयास से हुआ है। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा चिस्दा में चयन होने पर विघालय व नगर का नाम रोशन किया है।

# नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों की बैठक में अनेक कार्यों पर चर्चा



बैठक में चर्चा करते नवनिर्वाचित जनपद सदस्य।

**मालखरौदा।** जनपद पंचायत मालखरौदा के नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों का प्रथम बैठक जनपद पंचायत के सभा कक्ष में 26 मार्च को आयोजित किया गया। जहां जनपद सदस्यों ने सर्वसम्मति से जनपद पंचायत भवन का जीर्णोद्धार करने सुलभ शौचालय निर्माण करने, सद्भभावना भवन में चपरासी रखने साथ ही लिपाई पुताई फाल सीलिंग करने जबकि जनपद परिसर में पार्किंग गार्डन बनाए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा, उपाध्यक्ष रितेश साहू जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कश्यप के अलावा सभी जनपद सदस्य उपस्थित थे।

# जादू के उलझे रहस्यों में विज्ञान का सक्रिय योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंची सांसद कमलेश जांगड़े।

विज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जादू के उलझे रहस्यों को सुलझाने में विज्ञान का सक्रिय योगदान है। प्रदर्शनी में सक्रिय सहभागिता निभाने वाले छात्रों को आर्गेजाइनर टीम की सहभागिता रही।

विदित हो कि प्रगतिशील छत्तीसगढ़, विशाल प्रदर्शनी कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। जिसमें सक्ती जिला के विज्ञान संचारकों शिक्षक शैल कुमार पाण्डेय, महेन्द्र कुमार चन्द्रा, प्रेम किशन और शिक्षिका चंचला चन्द्रा द्वारा जादू नही विज्ञान के स्टाल मे विज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जादू के उलझे रहस्यों में विज्ञान के सक्रिय योगदान को बताने का भरपूर प्रयास किया गया। इसे देखने और समझने के लिए बच्चे, छात्र, पालक, माता पिता, बड़े बुजुर्गों की स्टाल पर भीड़ लग रही थी। जिसमें दाब, वायु मंडलीय दाब, अभिकेंद्रण बल, अपकेंद्रं बल, गुरुत्वाकर्षणबल, घर्षण बल, बल का विभाजन, दृष्टि भ्रम, प्रकाश, प्रकाश का परावर्तन, गणितीय मेजिक का रहस्य, पज्जल गेम, व्यक्ति की अतिरिक्त सोच, चुम्बक आदि का प्रयोग बहुत ही सहजता से बताया गया। जादुई रहस्यों को जानकारी प्रदान की गई। प्रदर्शन में सक्रिय सहभागिता देने वाले छात्रों को आर्गनाइजर टीम के सहयोग से स्टाल द्वारा गिफ्ट भी प्रदान किया गया। प्रतिक्रिया देने वालों में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, आर्गनाइजर टीम दिल्ली से आकांक्षा, संतोष पावर, दतत्राशय, विनोद कुमार, अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व सक्ती अरुण कुमार सोम, जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार चंद्रा, प्राचार्य, ऋषभतीर्थ, बालोद से ऋषिकेश पांडेय, बालविकास विभाग से योगीता ठाकुर, परियोजना अधिकारी, जिले से बच्चों को शामिल किये जाने वाले स्कूल, कालेज के प्राचार्यो ने स्टाल की जमकर प्रशंसा की।

# अंदर चलता रहा ओपन स्कूल का पेपर, परीक्षा केन्द्र के बाहर पालक और लोगों की दिखी भीड़




परीक्षा केन्द्र के बाहर लगी पालक व लोगों की भीड़

**मालखरौदा।** ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत आमनदुला हायर सेकेण्डरी स्कूल में ओपन स्कूल का परीक्षा चल रही है। बताया जा रहा था कि केन्द्र में परीक्षा चल रही है तो वहीं गेट के सामने बड़ी संख्या में पालक व लोग उपस्थित थे।

गौरतलब है कि बड़े मुड़पार छपोरा पिहरिद अमनदुला के छात्र-छात्राएं परीक्षा देने पहुंचे थे चंद्रशेखर पटेल को केंद्र अध्यक्ष बनाया गया है। जहां पहले दिन दर्ज संख्या 228 में से 211 परीक्षार्थी हिंदी विषय कक्षा 12वीं का परीक्षा देने पहुंचे। इसके अलावा ब्लाक शिक्षा अधिकारी परीक्षा व्यवस्था देखने के लिए पहुंचे थे तो दूसरी ओर बच्चों के पालक भारी संख्या में स्कूल के गेट के पास ही खड़े थे। जिन्हें गेट से हटाने वाला कोई नहीं था। इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य श्रीमती विमलेश चंद्रा का कहना था पुलिस विभाग को पुलिस व्यवस्था करने के लिए कहा गया था लेकिन उनके द्वारा पुलिस नहीं भेजा गया ना ही 112 की टीम आई थी।

# केशरवानी महिला सभा सदस्यों का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



केशरवानी समाज की महिलाएं।

शिवरीनारायण नगर के केसरवानी भवन में केसरवानी महिला समिति का चुनाव हुआ जिसमे रितु केसरवानी को 8 वी महिला अध्यक्ष चुना गया। चुनाव बहुत ही शान्ति पूर्वक हुआ जिसमे 84 महिलाओ ने भाग लिया। रितु केसरवानी को 65 मत मिल और विजयी हुई। इसी तरह से सचिव पद के लिए श्री मती द्रौपती केसरवानी निर्विरोध चुनी गई।

टेंपल सिटी शिवरीनारायण में केसरवानी महिला समिति का चुनाव हुआ। चुनाव के दौरान रितु केशरवानी को अध्यक्ष बनाया गया है तो वहीं सचिव श्रीमती द्रौपती केशरवानी निर्विरोध रूप से चुनी गई। इसी तरह उपाध्यक्ष- श्री मती मनीषा केसरवानी, सह सचिव श्रीमती दीपमाला केसरवानी, संस्कृतिक सचिव- आभा गुप्ता, ममता केसरवानी, माधुरी केसरवानी, खुशबु केसर वानी, कोषाध्यक्ष-श्री मती सरला केसरवानी,श्री मती रश्मि बेला केसरवानी, श्रीमती माया केसरवानी महामंत्री - श्री मती अर्चना केसरवानी,सह महामंत्री- श्री मती मिनी केसरवानी, श्रीमती पायल केसरवानी, उप कोषाध्यक्ष- श्री मती सिम्मी केसरवानी, श्री मती रूबी केसरवानी। संरक्षिका श्रीमती रश्मि बेला के मार्ग दर्शन एवं केसरवानी महिला समाज की उपस्थिति मे सु सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष ऋतु केसर वानी ने सभी का धन्यवाद कर नये सदस्यो को बधाई देकर मिठाई बांटकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।




